131

मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–अप्रैल, 1995 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 28 फरवरी, 1995 (फाल्गुन 9, 1916)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

श्री बंकटलाल तोंदी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा के निधन का उल्लेख.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री बी.आर. यादव, खनिज साधन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619–क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मेंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड की 32 वीं वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 1993–94 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री रामजी महाजन, श्रम मंत्री, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (क्रमांक 14 सन् 1947) की धारा 40 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार श्रम विभाग की अधिसूचना क्रमांक 4 (ई) 7–93–सोलह–ए, दिनांक 19 दिसम्बर, 1994 पटल पर रखेंगे.

(3) श्री बिसाहूलाल सिंह, राज्यमंत्री पशुपालन, मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम अधिनियम 1982 (क्रमांक 37 सन् 1982) की धारा 27 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1993–94 पटल पर रखेंगे.

4. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री लल्लूसिंह, सदस्य, शहडोल जिले के कोल माइन्स क्षेत्र में प्रदूषित जल पीने से लोगों में बीमारियों फैलने से उत्पन्न स्थिति की ओर पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रघुनन्दन शर्मा, सदस्य, झाबुआ जिले के राणापुर पुलिस कर्मियों द्वारा की गई पिटाई से एक आदिवासी की मृत्यु होने से उत्पन्न स्थिति की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे. (थाना

5. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक–15, ग्वालियर के सदस्य, श्री रघुवीर सिंह को फरवरी–अप्रैल, 1995 सत्र में दिनांक 16 फरवरी से 4 मार्च, 1995 तक की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

6. वर्ष 1995–96 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा

शीला खन्ना
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 27 फरवरी 1995